समयबद्ध/महत्वपूर्ण

संख्याः 5450 /नौ–5–2022–352सा/2016

प्रेषक,

कल्याण बनर्जी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा मे,

1–निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2–समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

नगर विकास अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक 23 नवम्बर, 2022**

विषयः– उत्तर प्रदेश राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नीति–2018 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन, संचालन एवं स्वच्छता) नियमावली, 2021 को निदेशालय एवं निकाय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराया जाना है कि उत्तर प्रदेश राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नीति–2018 का प्रख्यापन शासनादेश संख्या–2221/नौ–5–2018–352सा/2016 दिनांक 29.06.2018 **(हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति संलग्न)** एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन, संचालन एवं स्वच्छता) नियमावली, 2021 का प्रख्यापन शासनादेश संख्या–11016/नौ–5–2021–162सा/2019 दिनांक 20.10.2021 **(हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति संलग्न)** द्वारा किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार प्रख्यापित उत्तर प्रदेश राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नीति–2018 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन, संचालन एवं स्वच्छता) नियमावली, 2021 को नगरीय निकाय निदेशालय एवं संबंधित नगर निगम के वेबसाईट पर **तत्काल** अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय,
22.11.2022

(कल्याण बनर्जी)
संयुक्त सचिव।

GO-Tiwari ji-2022-VC